यूपीडा, यीडा व आपदा हेल्पलाइन को भी 112 से जोड़ने की तैयारी

लखनऊ। प्रदेश के सबसे बड़ी इमरजेंसी सेवा 112 से यूपीडा, यीडा और आपदा हेल्पलाइन के नंबरों को भी जोड़ा जाएगा। साथ ही 112 का रिस्पांस टाइम 12 मिनट से घटा कर 10 मिनट करने की कोशिश है।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार आने वाले दिनों में यूपीडा के हेल्पलाइन नंबर 1033, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) की हेल्पलाइन 1070 और आपदा हेल्पलाइन नंबर 1077 को भी 112 के साथ इंटीग्रेड किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया की यूपी 112 को और बेहतर बनाने के लिए 3600 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इसमें 1300 चार और 500 दो पहिया गाड़ी को जोड़ने व कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को बदलने का लक्ष्य है। पांच साल में 12 करोड़ लोगों ने यूपी 112 पर कॉल किया। ब्यूरो

इमरजेंसी सेवा 112 का रिस्पांस टाइम 12 मिनट से घटाकर 10 मिनट करने की कोशिश

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बाइक पर लगेगा टोल टैक्स

लखनऊ। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दो पहिया एवं तीन पहिया वाहनों के साथ पंजीकृत ट्रैक्टर्स की टोल दरें कार, जीप, वैन व हल्के मोटर वाहन की दर की आधी (337.5 रुपये) होंगी। इस एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से गाजीपुर तक कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहनों के लिए 675 रुपये टोल टैक्स निर्धारित किया गया है। यह जानकारी यूपीडा की ओर से दी गई है। ब्यूरो